A TATA Enterprise

ISWP

# तार समाचार

अक्टूबर-दिसम्बर 2021



# नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएँ

प्रिय साथियों,

सभी कर्मचारियों को सपरिवार नववर्ष कि हार्दिक शुभकामनाएं। मुझे आशा है कि आप और आपके परिवार के सभी सदस्य कोविड काल में स्वस्थ और सुरक्षित होंगे ।

प्रत्येक वर्ष 20 दिसंबर को आई.एस.डब्ल्यू.पी.एल डे के रूप में मनाया जाता है परन्तु कोविड महामारी को ध्यान में रखते हुए वर्ष 2021 को ISWP डे को सीमित एवं लघु आकार में मनाया गया।

आई.एस.डब्ल्यू.पी.एल सदैव उत्पदान एवं क्वालिटी के क्षेत्र में अपने आप को सर्वोत्तम बनाये रखने का प्रयास करती है। गैल्व्नाइज् कोटेड 'आयुष' एक नए उत्पाद का उत्पादन शुरू किया गया तथा वायर ड्राइंग मशीन नं – 142 का अधिष्ठापन किया गया। जिससे उत्पादन क्षमता में वृद्धि हो सके। उत्पदान क्षमता में वृद्धि के उद्देश्य से रॉड मिल के "स्ट्राइटेनिंग प्लांट" में बेहतर एवं आटोमेटिक मशीन को स्थापित किया गया हैं ,जिससे TMT 'स्ट्राइटेनिंग प्लांट' की उत्पादन क्षमता तथा गुणवत्ता में सुधार होगा। रॉड मील में उत्पादन क्षमता वृद्धि के लिए शुरू किये गए प्रजेक्ट का कार्य तेजी से चल रहा है एवं कंपनी ने प्रोजेक्ट समाप्ति का लक्ष्य अगस्त 2022 लिया है। इस प्रोजेक्ट के समाप्ति के तदुपरांत हमारा TMT का अतिरिक्त उत्पादन 5000 MT/प्रति माह होगा।

आई.एस.डब्ल्यू.पी.एल में ऊर्जा संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से 14–18 दिसम्बर 2021 को ऊर्जा संरक्षण सप्ताह के रूप में मनाया गया। हम सभी अनावश्यक ऊर्जा की खपत को कम कर ऊर्जा संरक्षण की दिशा में अपना योगदान कर सकते है।

मुझे यह बताते हुए अत्यंत प्रसन्नता हो रही है की CII Encon अवार्ड में आई.एस.डब्ल्यू.पी.एल को झारखण्ड राज्य में ऊर्जा संरक्षण के क्षेत्र (लार्ज स्केल केटेगरी) के अंतर्गत गौरवपूर्ण सम्मान प्राप्त हुआ। इसके लिए सेफ्टी टीम तथा सभी सम्बंधित कर्मचारियों को बधाई ।

टीम लीड और डिप्टी टीम लीड की पहल काफी कारगर साबित हो रही है। मेरा पूर्ण विश्वास है, की भविष्य में हमें इससे कंपनी के प्रदर्शन में बेहतर परिणाम प्राप्त होंगे।

ISWPL पर्यावरण के प्रति अपनी विशेष भूमिका निभाते हुए कंपनी ने टाउनशिप के अंतर्गत सी–2 तालाब का सौंदर्यीकरण किया गया। इस संदर्भ मैं प्रोजेक्ट टीम के सभी सदस्यों के योगदान की सराहना करता हूँ। कंपनी ने दिसम्बर 2021 में जल की खपत में कमी कर जल संरक्षण की दिशा में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। इस उपलब्धियों के लिए मैं शेयर्ड सर्विसेज के टीम को बधाई देता हूँ और आशा करता हूँ की इस दिशा में निरंतर सुधार करते हुए वेस्टेज को शून्य करेंगे।

हमें अभी भी कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए सावधानियां बरतना जरूरी है इसलिए मैं सभी को अनुरोध करता हूँ कि कोरोना से बचाव के लिए सरकार द्वारा निर्धारित सभी नियमों का पालन करें एवं अपने परिवार के 60 साल से अधिक उम्र के बुजुर्गों को बूस्टर डोज् जरूर लगवाएं।

मैं आशा करता हूँ की हम साथ मिलकर आने वाले समय में नई ऊंचाइयां हासिल करेंगे। अपने और परिवार के सदस्यों का बहुत ख्याल रखे ।



शुभेच्छाओं के साथ

Neeraj Kant

नीरज कांत
एम.डी.
(आई.एस.डब्ल्यू.पी.एल.)

# उपलब्धियों की संस्कृति

## FY'22 के तृतीय त्रैमासिक का चिन्हित उपलब्धियां

FY'22 के तृतीय त्रैमासिक के प्लांट प्रदर्शन में कई सारे ऑपरेशनल सुधार दर्ज हुए ,जिससे कई पुराने रिकॉर्ड तोड़े गए है। इस प्रकार आई.एस.डब्ल्यू.पी के कर्मचारियों के विश्वास को दृढ़ बनाया गया कि कुछ भी असंभव नहीं है एवं प्रत्येक रिकॉर्ड को बेहतर बनाया जा सकता है। उपलब्धियों की सूचि को आप सभी के साथ साँझा की गई है।



- सभी कर्मचारियों का 100% द्वितीय डोज़ टीकाकरण संपन्न किया गया।
- तृतीय त्रैमासिक FY22 में सबसे अधिक 67352 MT TMT/WR का डिस्पैच किया ।
- दिसंबर 2021 में WRM में अब तक की सबसे कम बिजली की खपत: 139.1 KWH/MT इससे पूर्व दिसंबर 2020 में सबसे अच्छा (139.8 KWH/MT) था ।
- दिसंबर 2021 में बाइंडिंग वायर उत्पादन (1447 MT) अब तक का सबसे अधिक उत्पादन है इससे पूर्व नवंबर 2021 में सबसे अच्छा 1323 MT था।
- दिसंबर 2021 में 1478 MT टन का उच्चतम बाइंडिंग वायर का डिस्पैच हुआ।इससे पूर्व अगस्त 2021 में 1298 MT था।
- दिसंबर 2021 में हमारे नए उत्पाद 'आयुष GI वायर' की स्थापना करते हुए 127 MT का उत्पाद सुचारू रूप से आयोग किया गया ।
- दिसंबर 2021 में वायर मिल में अब तक की सबसे कम बिजली की खपत (183.3 KWH/MT) हुआ। इससे पूर्व अगस्त 2021 में सबसे अच्छा (186.8) था।
- नवंबर 2021 में GI उत्पादन (4158 MT) अब तक का सबसे अधिक उत्पादन है। इससे पूर्व सर्वश्रेष्ठ उत्पाद अप्रैल 2019 में 4009 MT था।
- अक्टूबर 2021 में सिंगल LR उत्पादन (551 MT) अब तक का सबसे अधिक उत्पादन है।इससे पूर्व सबसे अधिक उत्पाद जुलाई 2021 में (540 MT) था।
- नए प्रोडक्ट के विकास के रूप में, कंक्रीट नेल्स का उत्पादन व्यावसायिक रूप से किया गया एवं दिसंबर 2021 में पहली बार 40 MT कंक्रीट नेल्स का डिस्पैच हुआ।
- ISWPL ने दिसंबर 2021 में अब तक की सबसे अधिक जल की खपत में कमी लाई है जो की 52.5 हजार किलो लीटर है।इससे पूर्व जून 2021 में पिछला सर्वश्रेष्ठ 52.9 हजार किलो लीटर था।

# लार्ज स्केल इंडस्ट्री केटेगरी में ISWPL को गौरवपूर्ण सम्मान

CII द्वारा वर्ष 2021 में 21 दिसंबर 2021 को आयोजित "CII ENCON अवार्ड्स'' में आई.एस.डब्ल्यू.पी.एल को झारखण्ड राज्य में ऊर्जा संरक्षण के क्षेत्र में विजेता घोषित किया गया। इस प्रतियोगिता में लार्ज स्केल इंडस्ट्री केटेगरी में ISWPL संग 20 –21 कंपनियों ने भाग लिया।

ISWP हॉट–डिप गैल्वनाइजिंग का उपयोग करता है जिसमें वायर तरल लेड बाथ, फ्लक्स बाथ, डॉयिंग (शुष्क) ओवन और तरल जिंक बाथ से गुजरते हैं, एल.पी.जी का उपयोग ईंधन के रूप में किया जाता है।हमने पाया कि एल.पी. जी की खपत अनुकूलतम स्तर से ऊपर है इसलिए यह सुधार के लिए एक संभावित क्षेत्र है।

### इस क्षेत्र में उठाये गए आवश्यक कदम –

हमने एल.पी.जी खपत बनाम क्षमता की आवश्यकता की जांच के लिए संपूर्ण जी.आई लाइन क्षेत्र का थर्मल अध्ययन किया गया ।

इस अध्ययन को विश्लेषण के फलस्वरूप यह पाया गया कि वास्तविक खपत, सैद्धांतिक आवश्यकता से 4 kg/MT टन अधिक है। जिसे हम काम कर सकते है।इसलिए खपत को काम करने के लिए लेड बाथ –1 के 2 बर्नर और लेड बाथ –2 के 1 बर्नर को बंद रखा गया ताकि आवश्यक में तापमान बरक़रार रहे।

**परिणाम: इसे हमारे एल.पी.जी खपत में कमी आई , जिससे हमें 2 kg/mt की बचत हुई ।**



# ऊर्जा संरक्षण सप्ताह

प्रत्येक मनुष्य के जीवन में ऊर्जा का विशेष महत्व है। हमें विभिन्न कार्यो के संपादन के लिए ऊर्जा की आवश्यकता पड़ती है । बढ़ती हुई विकास की जरुरतों को मद्देनज़र रखते हुए ऊर्जा की मांग में अप्रत्याशित वृद्धि हुई। आज के समय में तेजी से बढ़ती हुई जनसंख्या और ऊर्जा की खपत को देखते हुए ऊर्जा संरक्षण एक प्रमुख मुद्दा बन जाता है। ऊर्जा संरक्षण के लिए जो महत्वपूर्ण है वह है हमारी आदते एवं अभ्यास।

इस वर्ष आई.एस डब्ल्यू पी एल में 14 –18 दिसंबर 2021 को नेशनल "एनर्जी कंज़र्वेसन वीक" के रूप मनाया गया। इसका उद्देश्य सभी लोगों को 'ग्लोबल वार्मिंग' और जलवायु परिवर्तन के विषय में जागरूक करने पर केंद्रित है और ऊर्जा संसाधनों के संरक्षण की दिशा में प्रयासों को बढ़ावा देता है। पूरे सप्ताह विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया एनर्जी कंज़र्वेसन सम्बन्धी जागरूकता सत्र, क्विज़ प्रतियोगिता, स्लोगन प्रतियोगिता एवं नो व्हीकल डे अभियान शामिल है।





# ऊर्जा प्रबंधन ISO 50001:2018 का कार्यान्वयन

ऊर्जा संरक्षण का वातावरण बनाने के लिए ऊर्जा संरक्षण अभ्यास को प्रभावी ढंग से क्रियान्वयन करने के लिए हर संगठन ने कंपनी के अंतर्गत ऊर्जा प्रबंधन प्रणाली को क्रियान्वयन करने पर ध्यान केंद्रित किया।

इस संबंध में आई.एस.डब्ल्यू.पी.एल ने ऊर्जा प्रबंधन प्रणाली ISO 50001:2018 को क्रियान्वयन करने के लिए भी कार्रवाई शुरू की है।

EnMS का उद्देश्य संगठनों को ऊर्जा दक्षता और ऊर्जा खपत सहित ऊर्जा प्रदर्शन में लगातार सुधार करने के लिए आवश्यक प्रणालियों और प्रक्रियाओं को स्थापित करने में सक्षम बनाना है।

ISWPL ने प्रणाली को प्रभावी ढंग से क्रियान्वयन करने के लिए ऊर्जा प्रबंधन प्रणाली पर इंटरनल ऑडिटर प्रोग्राम का आयोजन किया है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल 24 ऑफिसर शामिल थे।



# डाइवर्सिटी वीक

## विविधता में एकता




आई.एस.डब्ल्यू.पी. में 4–11 अक्टूबर 2021 को डाइवर्सिटी वीक मनाया गया। सम्पूर्ण सप्ताह हमारे कर्मचारियों के लिए जागरूकता सत्र सहित कई कार्यक्रम जैसे 4 अक्टूबर 21 को हमारे सीनियर/मिड मैनेजमेंट लेवल ऑफिसर के लिए जागरूकता सत्र जिसमें श्री सिद्धार्थ शाह (डी एंड आई, टाटा स्टील) और श्री नीरज कांत उपस्थित थे।

ISWPL ने कार्यस्थल पर विविधता और समावेश को संस्थागत रूप देकर अपने कार्यबल को सुदृढ़ और नवीनतम बनाने की यात्रा शुरू की है।





# विजिलेंस अवेयरनेस वीक



आई.एस.डब्ल्यू.पी.एल में 26 अक्टूबर'21 से 1 नवंबर'21 तक ''विजिलेंस अवेयरनेस वीक'' मनाया गया। 28 अक्टूबर 2021 को कंपनी प्रबंध निदेशक श्री नीरज कांत की अध्यक्षता में अवेयरनेस सत्र का आयोजन वर्चुअल माध्यम से किया गया। जिसमे वरिष्ठ अधिकारी, यूनियन सदस्य और अन्य कर्मचारियों ने भाग लिया और बेहतर नैतिक कार्यस्थल के लिए स्वयं को अधिक विजिलेंट बनाने का संकल्प लिया।

विजिलेंस अवेयरनेस वीक मनाने का उद्देश्य भ्रष्टाचार के दुष्परिणामों के संधर्व में कर्मचारियों को जागरूक करना।



# लीडरशिप ऑफ़ बिज़नेस एथिक्स (LBE)

ISWPL ने एल.बी.ई ढांचे के 'लीडरशिप' एवं 'प्रभावकारिता का मापन' स्तंभ में 'उन्नत' परिपक्वता रेटिंग प्राप्त की और विभिन्न प्रकार की अच्छी प्रक्रियाओं और नेतृत्व प्रथाओं ने हमारे संगठन में 'नैतिक वातावरण' के निर्माण और उसे बनाए रखने में योगदान दिया है। यह सर्वे 31 अगस्त 2021 से 28 सितंबर 2021 तक ऑनलाइन माध्यम से प्रबंधन के कर्मचारियों, एसोसिएट और सप्लायर के लिए आयोजित किया गया था।

| LBE स्तम्भ | परिपक्वता रेटिंग (FY21) |
|---|---|
| 1.लीडरशिप | एडवांस्ड |
| 2.कंप्लायंस स्ट्रक्चर | इस्टैबलिशड |
| 3.कम्युनिकेशन–ट्रेनिंग | इस्टैबलिशड |
| 4.मेज़रमेंट ऑफ़ इफेक्टिवनेस | एडवांस्ड |

मूल्यांकन वर्ष के दौरान किए गए व्यावसायिक नैतिकता गतिविधियों के बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए ऑनलाइन प्रश्नावली के माध्यम से, कंपनी के डेटा और इनफार्मेशन को साँझा किया। मूल्यांकन के आधार पर, कंपनियों को LBE ढांचे के 4 स्तंभों में से प्रत्येक स्तंभों के लिए परिपक्वता रेटिंग के 4 स्तरों (बेसिक, इवॉल्विंग, इस्टैब्लिशड और एडवांस्ड) पर मूल्यांकन किया जाता है। इसके अलावा, कंपनियों को उनकी व्यावसायिक नैतिकता संबंधी गतिविधियों और प्रक्रियाओं को आगे बढ़ाने में मदद करने के लिए फीडबैक प्रदान किया जाता है।

**लीडरशिप ऑफ़ बिज़नेस एथिक्स एसुरेन्स सर्वे स्कोर्स**

निएल्सेन रिपोर्ट
सुब्मिटेड टू
**आई.एस.डब्ल्यू.पी लिमिटेड**

अक्टूबर 2021

| बेसिक | इवॉल्विंग | इस्टैब्लिशड | एडवांस्ड |
|---|---|---|---|
| इनकंसिस्टेंट एप्लीकेशन ऑफ़ द कंप्लायंस प्रोग्राम | एप्लीकेशन ऑफ़ अ फ्यू पैरामीटर्स ऑफ़ द कंप्लायंस प्रोग्राम | एप्लीकेशन ऑफ़ मान्य पैरामीटर्स ऑफ़ द कंप्लायंस प्रोग्राम | कंसिस्टेंट एप्लीकेशन ऑफ़ मोस्ट पैरामीटर्स ऑफ़ द कंप्लायंस प्रोग्राम |



# आई.एस.डब्ल्यू.पी डे समारोह

हर साल की तरह 20 दिसंबर 21 को आई.एस.डब्ल्यू.पी.एल दिवस के रूप में मनाया गया। इस दौरान कोविड प्रोटोकॉल का पालन करते हुए मिनी मैराथन, टैलेंट शो, डोनेशन कैंपेन, एम्प्लोयी वार्ड के लिए ड्राइंग प्रतियोगिता जैसे विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया गया था। आई.एस.डब्ल्यू.पी.एल दिवस पर, विभिन्न उद्घाटन जिनमें डिजिटल लर्निंग क्लासरूम, रॉड मिल में आई.एस.डब्ल्यू.पी–डिकॉलिंग मशीन और 10–ब्लॉकर वायर ड्रॉइंग मशीन नंबर 142 और जी.आई सेक्शन में नए उन्नत 'आयुष' कोटिंग शामिल हैं। इस सभी का उद्घाटन श्री नीरज कांत (एम.डी आई.एस.डब्ल्यू.पी.एल), सीनियर लीडरशिप एवं यूनियन के सदस्य की उपस्थिति में किया गया।





# डिजिटल साक्षरता को बेहतर करने की पहल

## सी.आई.आई के सहयोग से एसोसिएट एवं कांट्रेक्टर कर्मियों के लिए डिजिटल जागरूकता पहल

इसका लक्ष्य कार्यबल को डिजिटल प्लेटफॉर्म के सन्दर्भ में आत्मनिर्भर बनाना। इस फंक्शनल लिटरेसी प्रोग्राम हमारे एसोसिएट, ठेकेदार कर्मचारी के लिए बनाया गया। यह प्रोग्राम चार मुख्य विषयों में आधारित है, वो हैं बेसिक लिटरेसी, डिजिटल लिटरेसी, फाइनेंसियल लिटरेसी, कोविड–19 लिटरेसी । डिजिटल क्लास रूम का उद्घाटन 20 दिसंबर 2021 को प्रबंध निदेशक श्री नीरज कांत द्वारा किया गया। इस उपलक्ष्य में उच्च पदाधिकारी, कर्मचारी एवं यूनियन के सदस्य उपस्थित थे।






# सजेशन मेला

इस वर्ष आई.एस.डब्ल्यू.पी.एल में 16 और 17 नवंबर 2021 को 'सुझाव मेला' का आयोजन सभी ईपीए सहित पूरे संगठन में किया गया था। यह सभी कर्मचारियों और ठेकेदार कर्मचारियों और ई.पी.ए के लिए आयोजित किया गया।

रॉड मिल में श्री विजयंत कुमार एवं श्री पंकज सिंह ,वायर मिल में श्री जीतेन्द्र कुमार सिंह एवं श्री श्रीकांत सिंह, जनरल सर्विसेज में श्री उमानाथ मिश्रा एवं श्री इंद्रजीत नंदी एवं जेम्को में श्री जीतेन्द्र कुमार सिंह एवं श्री अमित कुमार द्वारा सजेसन मेला का उद्घाटन संपन्न हुआ। इस दौरान लगभग 2860 सुझाव प्राप्त हुए थे। सुझावकर्ता को सुझाव देने के फलस्वरूप प्रत्येक सुझाव के लिए एक पेन द्वारा पुरस्कृत किया गया।




















# हमारे लोग – हमारे गर्व

## विभिन्न गतिविधि एवं एम्प्लोयी इंगेजमेंट प्रोग्राम द्वारा व्यक्तिगत और प्रोफेशनल संवृद्धि में सुधार

## स्टार ऑफिसर ऑफ़ द मंथ

प्रत्येक माह सभी विभाग के विभागाध्यक्ष अपने ऑफिसर के कार्यों का मूल्यांकन कर अपने एक ऑफिसर को चयन करते है। चयनित ऑफिसर को विभाध्यक्षों द्वारा रेटिंग किया जाता है। सर्वाधिक रेटिंग प्राप्त ऑफिसर को उस माह का ''स्टार ऑफिसर ऑफ़ द मंथ'' घोषित किया जाता है।

इस वर्ष के तृतीय त्रैमासिक के अक्टूबर माह में रॉड मिल के चन्दन कुमार (सीनियर मैनेजर), नवंबर माह में इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी के काकोली कर (मैनेजर) एवं दिसंबर माह में एच.आर विभाग के एमडी.नीमतुल्लाह (मैनेजर) को स्टार ऑफिसर ऑफ़ द मंथ से सम्मानित किया गया।


चन्दन कुमार


काकोली कर


एमडी. नीमतुल्लह

## टॉप सजेस्टर

सुझावकर्ता द्वारा दिए गए सजेसन पर डी.एस.एम.सी कमिटी निर्णय लेती है। प्रत्येक त्रैमासिक टॉप सजेस्टर की घोषणा इस आधार पर की जाती है जिसमे जिस कर्मचारियों का सुझाव सबसे अधिक स्वीकार किया जाता है उसे उस त्रैमासिक ''टॉप सजेस्टर'' से सम्मानित किया गया है। वित्तीय वर्ष के तृतीय त्रैमासिक में निम्न सुझावकर्ता का सुझाव को सबसे अधिक स्वीकृत किया गया इसलिए इन 9 कर्मचारियों को "टॉप सजेस्टर" घोषित किया गया ।


ऋषभ


अमरेन्द्र कुमार सिंह


निरंजन सिंह


सुमीत कुमार सिंह


रंजीत महतो


के. श्रीधर


ओम प्रकाश यादव


सुभाषिश


शांतनु चक्रवर्ती

## के.एम. चैंपियन

ऑफिसर द्वारा साँझा की गई नॉलेज पीस को कम्युनिटी द्वारा अप्रूव या रिजेक्ट की जाती है।

सभी विभाग के ऑफिसर का अप्रूव के.एम् स्कोर को उस विभाग के कुल ऑफिसर की संख्या से विभाजित किया जाता है। परिणामस्वरूप जिस विभाग का स्कोर सबसे अधिक निकलता है उस विभाग को 'के.एम् चैंपियन' से सम्मानित किया जाता है। इस त्रैमासिक में टॉप 5 के.एम् चैंपियन विभागों में रोल्स एन्ड कास्टिंग बिज़नेस, कमर्शियल, ग्राफेन बिज़नेस, इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी , वायर बिज़नेस शामिल है जिसमे इस वर्ष के तृतीय त्रैमासिक में 11764 फाइनल स्कोर के साथ रोल्स एन्ड कॉस्टिंग बिज़नेस को 'के.एम् चैंपियन' घोषित किया गया ।




## टॉप एक्टिव कंट्रीब्युटर्स

कर्मचारियों द्वारा साझा किये गए नॉलेज पीस को कम्युनिटी द्वारा रैंकिंग दे कर अप्रूव या रिजेक्ट किया जाता है। प्रत्येक त्रैमासिक में जिस कर्मचारी का के.एम् पीस को कम्युनिटी द्वारा सबसे अधिक अप्रूव की जाती है उस कर्मचारी को 'टॉप के.एम् एक्टिव कंट्रीब्युटर्स' घोषित किया जाता है। इस वर्ष के तृतीय त्रैमासिक में ऑफिसर वर्ग में रोल्स एन्ड कास्टिंग बिज़नेस से श्री सुखदेव सिंह एवं एसोसिएट वर्ग में शेयर्ड सर्विस से श्री अमरेंद्र कुमार सिंह का के.एम् पीस सबसे अधिक स्वीकृत है इस उपलक्ष्य में दोनों को टॉप के.एम् एक्टिव कंट्रीब्युटर्स से सम्मानित किया गया ।


सुखदेव सिंह


अमरेंद्र कुमार सिंह

## टॉप रेकोर्स

प्रत्येक व्यक्ति में अलग–अलग प्रतिभा होती है। आई.एस.डब्ल्यू.पी.एल अपने कर्मचारियों की प्रतिभा को दर्शाने का अवसर प्रदान करती है साथ ही उन प्रतिभाशाली कर्मचारियों को पुरस्कृत भी करती है। प्रत्येक त्रैमासिक ऑफिसर एवं एसोसिएट वर्ग में सबसे अधिक रेको पॉइंट प्राप्त कर्मचारियों को "टॉप रेको" घोषित किया जाता है। माई रेको की पहल का उद्देश्य कंपनी की गतिविधियों में भाग लेने वाले कर्मचारियों को रेको पॉइंट द्वारा प्रोत्साहित करना है।

### ऑफिसर केटेगरी

इस वर्ष के तृतीय त्रैमासिक में, ऑफिसर केटेगरी में विजेता चन्दन कुमार रहे एवं फर्स्ट रनर अप सुखदेव सिंह, सेकंड रनर अप काकोली कर रहे।



**चन्दन कुमार**
रॉड मिल
विजेता



**सुखदेव सिंह**
रोल्स एंड कास्टिंग बिजनेस
1st रनर अप



**काकोली कर**
आई.टी.
2nd रनर अप

### एसोसिएट केटेगरी

इस वर्ष के तृतीय त्रैमासिक में, एसोसिएट केटेगरी में विजेता अमरेंद्र कुमार सिंह रहे एवं फर्स्ट रनर अप, कबिता कुमारी महतो, सेकंड रनर अप आदित्य कुमार रहे।



**अमरेंद्र कुमार सिंह**
शेयर्ड सर्विसेज
विजेता



**कविता कुमारी महतो**
रॉड मिल
1st रनर अप



**आदित्य कुमार**
वायर बिजनेस
2nd रनर अप

## वी कनेक्ट

मंच - प्रतिभा का प्रदर्शित करने योग्य



### जॉयस ऑफ़ लाइफ

नवंबर माह में चिल्ड्रन डे के उपलक्ष्य में एम्प्लोयी वार्ड के लिए एक प्रतियोगिता 'जॉयस ऑफ़ लाइफ' वी कनेक्ट के माध्यम से आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता के माध्यम से सभी बच्चों ने अपने ड्राइंग की उद्भूत हुनर दिखाया।




### फेस्टिव क्लिक

नवंबर माह में फेस्टिव क्लिक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। जिसमे कर्मचारियों ने अपनी फोटो शेयर की तथा प्रतिभागियों के बेस्ट फोटो को विजेता घोषित किया गया।



# खेल गतिविधि



## टाटा स्टील द्वारा आयोजित इंटर डिविशनल वॉली बॉल चैंपियनशिप

आई.एस.डब्ल्यू.पी.एल की पुरुष टीम 7 दिसंबर 2021 को टाटा स्टील द्वारा आयोजित जे.आर.डी टाटा स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स में इंटर डिविशनल वॉली बॉल चैंपियनशिप में भाग लिया प्रतिभागियों में आदित्य कुमार, सौरव गुप्ता, सौरभ कुमार, यशपाल सुमीत कुमार शामिल थे।



## इंडिविजुअल टेबल टेनिस चैंपियनशिप

12 नवंबर 2021 को आई.एस.डब्ल्यू.पी.एल में इंडिविजुअल टेबल टेनिस चैंपियनशिप में दो दिवसीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता कंपनी हेल्थ क्लब (DB2) में पुरुष कर्मचारियों के लिए आयोजित की गयी। इस चैंपियनशिप में कुल 18 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

फ़ाइनल में श्री सौमेंदु रॉय चैंपियन बने दूसरे स्थान पर संटू सिंघा, तीसरे स्थान पर श्री राकेश कुमार सिंह रहे एवं श्री त्रिपुरारी शंकर को सांत्वना पुरस्कार मिला। मुख्य अतिथि के रूप बरिष्ठ अधिकारी श्री रबी नारायण उपस्थित थे उन्होंने बिजेताओ को बधाई देते हुए पुरस्कृत किया।



## इंटर डिपार्टमेंट वॉली बॉल चैंपियनशिप



3 दिसंबर 2021 को C3/C4 ग्राउंड ISWPL कॉलोनी में आई.एस.डब्ल्यू.पी.एल. के पुरुष कर्मचारियों के लिए इंटर डिपार्टमेंट वॉली बॉल चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में 4 विभाग रॉड मिल,वायर मिल,जेम्को व जनरल सर्विसेज ने भाग लिया।

इस प्रतियोगता में रॉड मिल की टीम ने वायर मिल की टीम को कड़े संघर्ष में 2–1 से हराया। तीसरे स्थान के मैच में जेम्को की टीम ने जनरल सर्विसेज को २–0 से हराया। इससे पहले सेमी फाइनल में रॉड मिल ने जेम्को को तथा वायर मिल ने हरा कर फाइनल में प्रवेश किया था।

आज के मुख्य अतिथि श्री जयदीप सरकार, श्री अमित सरकार (जेम्को यूनियन) एवं श्री पंकज कुमार सिंह (तार कंपनी यूनियन) ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। मैच के रेफरी श्री रवि राव थे।

## टाटा मोटर्स यूनियन वॉली बॉल टूनामेंट




18और 19 दिसंबर टाटा मोटर्स द्वारा दो दिवसीय 'यूनियन वॉली बॉल टूनामेंट' का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में जमशेदपुर के 15 यूनियन की 200 से ज्यादा प्रतिभागियों और यूनियन प्रतिनिधियो ने हिंसा लिया था। आई.एस.डब्ल्यू.पी के एसोसिएट्स टीम से इस प्रतियोगिता में भाग लिया। श्री श्रीकांत सिंह और श्री पंकज सिंह का योगदान सराहनीय रहा।

## कंपनी की महिला टीम ने टाटा स्टील द्वारा आयोजित थ्रो बॉल प्रतियोगिता में भाग ली



9 दिसंबर 2021 को टाटा स्टील द्वारा विभिन्न स्पोर्ट्स गतिविधियों का आयोजन किया गया। कंपनी की महिला टीम ने थ्रो बॉल प्रतियोगिता में भाग ली। इस प्रतियोगिता में कविता,अनुपमा, निरोशा, रीना,गुरप्रीत, महामाया, आरती, सलमा ने हिस्सा लिया स इस चैंपियनशिप में कई कंपनी और डिवीजन के कुल 8 यूनिट के 80 से ज्यादा महिला प्रतिभागियों ने हिंसा लिया था।

## टाटा स्टील द्वारा आयोजित बास्केट बॉल चौंपियनशिप

टाटा स्टील द्वारा आयोजित बास्केट बॉल प्रतियोगिता में आई एस.डब्ल्यू. पी.एल की पुरुष टीम ने भाग लिया। प्रतिभागियों में ऋषि प्रकाश, आदित्य, सहनवाज, अवतार, मनीष, कमल, राहुल शामिल थे। इसमें कई कंपनी और डिवीजन के कुल 10 यूनिट के 100 से ज्यादा प्रतिभागियों ने लिया था।



टाटा स्टील द्वारा आयोजित बास्केट बॉल प्रतियोगिता में आई.एस.डब्ल्यू. पी.एल की महिला टीम ने भाग लिया। टीम में आरती, श्रीधरा, नाज़नीन, महामाया, काबेरी, पिंकी, सलमा, कविता, अवि शेखर शामिल थे।इस चैंपियनशिप में कुल 10 यूनिट के 100 से ज्यादा ने हिंसा लिया था।



# कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व

"शिक्षित करना एवं सशक्त बनाने की पहल"

शिक्षा | सेवा | यूथ इंगेजमेंट | हेल्थ एण्ड हाइजिन | लाइवलीहुड एनहांसमेंट

## शिक्षा

### अवेयरनेस सेसन – POSH

22 अक्टूबर 2021 को कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय में POSH अवेयरनेस सेशन का आयोजन किया गया जिसमे आई.एस.डब्ल्यू.पी से श्रीमती फराह सुल्तान (मैनेजर – इंजीनियरिंग एन्ड प्रोजेक्ट्स) ने छात्राओं को पॉश से अवगत कराया।



### अवेयरनेस सेसन – CSR

नवंबर एवं दिसंबर माह में CSR विभाग द्वारा CSR एवं AA (अफरमेटिव एक्शन) संबधी कार्य, गतिविधियों,उपलब्धियों संबधी जानकारियां कर्मचारियों एवं कांट्रेक्टर कर्मचारियों को उपलब्ध कराई गई।जिसमे 242 लोगों से भाग लिया।



### कौशल विकास

प्रोजेक्ट RAAH के तहत कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय पोटका से पासआउट 5 छात्रों (माधुरी शीत, कमला हांसदा, सुरु मुर्मू ,पानी महली, मुस्कान सरदार) को आई.डी.टी.आर में आई.टी.आई के लिए प्रवेश मिला। आईडीटीआर मुख्यत: रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण संस्था है जिसमे विभिन्न शॉट टर्म एवं लॉन्ग टर्म कोर्स उपलब्ध कराये जाते है।



माधुरी शीत



कमला हांसदा



सुरु मुर्मू



पानी महली



मुस्कान सरदार

### विज्ञान की व्यावहारिक गतिविधियों के संचालन में विकास

29 अक्टूबर 2021 को आई.एस.डब्ल्यू.पी एल के NGO पार्टनर TRCSC के माध्यम से कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय के कक्षा 6 –10 के विद्यार्थियों को विज्ञान प्रैक्टिकल के लिए साइंस एक्सपेरिमेंट किट के दो सेट उपलब्ध कराये गए एवं विज्ञान की शिक्षकों को किट के उपयोग सम्बन्धी प्रशिक्षण उपलब्ध कराया गया।



### स्कूल छात्रों का इंडस्ट्रियल दौरा

22 नवंबर 2021 कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय की 12 वीं कक्षा की छात्राओं द्वारा इंडस्ट्रियल टूर के तहत आई. एस .डब्ल्यू.पी.एल का दौरा किया।



### फायर और रोड सेफ्टी ट्रेनिंग

सेफ्टी हेल्थ एनवॉयरनमेंट विभाग द्वारा 27.11.2021 को आई.एस.डब्ल्यू.पी.एल स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के छात्रों को फायर और रोड सेफ्टी ट्रेनिंग दिया गया। प्रशिक्षण सत्र में लगभग 70 छात्रों को प्रशिक्षित एवं जागरूक किया गया ।





## सेवा

CSR गतिविधि के तहत आई.एस डब्ल्यू.पी.एल द्वारा जरुरतमंदों को सहायता प्रदान की जाती है इसे मद्देनज़र रखते हुए दिनांक 01.10.2021, 23.12 .2021 एवं 31.12.2021 को बर्मामाइंस स्थित लेप्रोसी सेण्टर (हिंद आश्रम) में रहने वाले लोगों के लिए खाद्य सामग्री एवं चादर , ब्लैंकेट उपलब्ध कराया गया ।





दिसंबर को प्रबंध निदेशक श्री नीरज कांत एवं यूनियन अध्यक्ष श्री राकेश्वर पांडेय द्वारा सुंदरनगर स्थित चेशायर होम का दौरा किया एवं उनके द्वारा फिजियोथेरफी कक्ष का उद्घाटन किया गया।






श्री अभिषेक वर्मा ने स्पोर्टस् कॉम्प्लेक्स में विजिट किया एवं उन्होंने ऐसे 5 छात्रों को साईकिल उपलब्ध कराया जिनका घर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स से काफी दूर है एवं उनके पास आवागमन का कोई साधन नहीं था।



ISWPL के विभिन्न विभाग आई.टी, क्वालीटी, प्रोजेक्ट के सदस्यों द्वारा पोटका स्थित आर्चरी सेण्टर रानीकुदर ,झरिया, महालीसाई में विजिट किया गया एवं उनके द्वारा आर्चरी सेण्टर के छात्रों को खेल के लिए टी– शर्ट,पैंट एवं जूता उपलब्ध कराया गया।





## हेल्थ एण्ड हॉइजिन

**हेल्थ चेक–अप कैंप** – आई.एस.डब्ल्यू.पी.एल द्वारा 27 एवं 28 अक्टूबर 2021 को के.जी.बी.वी पोटका में हेल्थ चेक अप का आयोजन किया गया कैंप के दौरान 402 छात्रों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।




**फर्स्ट ऐड ट्रेनिंग** – 27.11 .2021 को के.जी.बी.वी पोटका में छात्रों के लिए फर्स्ट ऐड ट्रेनिंग का आयोजन किया गया जिसमें आई.एस.डब्ल्यू.पी.एल हॉस्पिटल से डॉक्टर कुमार अभिनव ने उन छात्रों को फर्स्ट ऐड से सम्बंधित जानकारियां दी।




## यूथ इंगेजमेंट

24. नवंबर 2021 को कंपनी प्रबंध निदेशक श्री नीरज कांत द्वारा कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय का दौरा किया गया। उन्होंने सभी छात्राओं को भविष्य की उपलब्धियों के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने पैरालंपिक की तैयारी कर रही नमोनी गोप को कंपाउंड बो सेट उपलब्ध कराया।








10.10.2021 को श्री अभिषेक वर्मा (आर्चरी गोल्ड मेडलिस्ट), सुश्री ज्योति सुलेखा और श्री वरुण कुमार द्वारा ISWPL स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के छात्रों को मोटिवेशनल ट्रेनिंग दी गई।

# आई.एस.डब्ल्यू.पी परिवार में नए सदस्यों का स्वागत






# सेवानिवृति



**श्री रिन्तु चटर्जी** ने आई.एस.डब्ल्यू.पी एल में अपना कार्य आरम्भ 1 जनवरी 1995 किया एवं मेडिकल सर्विस में कार्य करते हुए 1 दिसंबर 2021 को सेवानिवृत हुए।



**श्री परमजीत सिंह** ने आई.एस.डब्ल्यू.पी एल में अपना कार्य आरम्भ 1 सितम्बर 1986किया एवं वायर बिजनेस में कार्य करते हुए 1 दिसंबर 2021 को सेवानिवृत हुए।



**श्री बलदेव सिंह** ने आई.एस.डब्ल्यू.पी एल में अपना कार्य आरम्भ 1 फरवरी 1989 किया एवं वायर बिजनेस में कार्य करते हुए 1 दिसंबर 2021 को सेवानिवृत हुए।

हमारी पत्रिका ''तार समाचार'' आपको कैसी लगी ? आप अपने सुझाव Business Excellence विभाग में भेज सकते हैं। ईमेल : tqm@iswp.co.in / rakesh.babu@iswp.co.in
मुद्रित : स्टील सिटी प्रेस लि0